संख्या-16/2024/466/005-78-02004(004)/12/2019

प्रेषक,

रवि रंजन
विशेष सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,उद्योग
कानपुर, उ0प्र0।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-2 लखनऊ: दिनांक: 30 मार्च, 2024

विषय: वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्टेट डाटा सेंटर हेतु धनराशि रू0 75,74,019.00 की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबंध निदेशक यूपीडेस्को के पत्र संख्या-UPSDC/Budget/D/23-24/5339, दिनांक 15-03-2024 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यूपीडेस्को द्वारा स्टेट डाटा सेंटर की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न आई0 टी0 कंपोनेंट्स के क्रय किये जाने पर उत्पन्न प्रतिबद्ध देयता हेतु धनराशि रु0 8588.83 लाख के सापेक्ष अद्यतन उपलब्ध अवशेष धनराशि में से रू० 75,74,019.00 (रूपये पचहत्तर लाख चौहत्तर हजार उन्नीस मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदया सहर्ष प्रदान करती हैं:-

(1) निदेशक] उद्योग द्वारा वित्त विभाग के आदेश संख्या-बी-1-417/10-2013-16/94, दिनांक 26 फरवरी, 2013 में दी गयी प्रक्रियानुसार सेंट्रल सर्वर के माध्यम से सम्बन्धित कोषागार को बजट आवंटन भेजे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उक्त धनराशि की वित्तीय स्वीकृति इस शर्त के साथ दी जा रही है कि इसके भुगतान में संबधित योजना में पारित एमओयू की शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(3) उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5,भाग-1 के प्रपत्र संख्या-6(ए) (संशोधित) द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर प्रबंध निदेशक,यूपीडेस्को द्वारा बिल बनाकर उसे संयुक्त निदेशक, उद्योग, लखनऊ मण्डल] लखनऊ को प्रतिहस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

(4) उक्त धनराशि का लेखा-जोखा निदेशक, उद्योग कानपुर द्वारा अपने यहां भी रखा जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि का उपयोग एसडीसी के आपरेशनल व्ययों एवं एस.डी.सी. योजना अन्तर्गत निर्गत दिशा-निर्देश के अनुसार किया जायेगा।

(6) उक्त स्वीकृत धनराशि के व्यय उपरान्त प्रबन्ध निदेशक] यूपीडेस्को द्वारा उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज] निदेशक, उद्योग कानपुर तथा आईटी एवं इले0 अनुभाग-2 उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(7) स्वीकृत धनराशि का आहरण तात्कालिक आवश्यकता होने पर ही राजकोष से किया जायेगा।

(8) भुगतान से पूर्व प्रबन्ध निदेशक] यूपीडेस्को सम्बन्धित कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण होने के सम्बन्ध में सन्तुष्ट हो लेंगे तथा प्रस्तुत बिलों को सत्यापित करा लेंगे।

(9) स्वीकृत धनराशि को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया / राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखा जाए और यदि शासकीय धन पर कोई ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे राजकोष में जमा कराना सुनश्चित किया जाए।

(10) स्वीकृत धनराशि व्यय किये जाने के पूर्व उ0प्र0 बजट मैनुअल] वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च] 2023 एवं अन्य सुसंगत शासनादेशों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है एवं वास्तविक व्यय के आधार पर ही धनराशि का आहरण एवं भुगतान किया जाएगा। सम्बन्धित कार्यदायी

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संस्था को नियमानुसार तत्काल भुगतान कर उसकी सूचना यूपीडेस्को द्वारा अविलम्ब शासन को उपलब्ध करायी जाए।

(12) प्रबन्ध निदेशक] यूपीडेस्को धनराशि से सम्बन्धित आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करेंगे।

(13) आहरित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रबन्ध निदेशक यूपीडेस्को द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

(14) स्वीकृत धनराशि का उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा । यदि कोई धनराशि अवशेष रहती है] तो उसे प्रबन्ध निदेशक] यूपीडेस्को द्वारा राज कोष में जमा कराते हुये उसकी प्रमाणिक सूचना शासन को भेजे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(15) कार्यदायी संस्था के देयकों का नियमानुसार तत्काल भुगतान कर उसकी सूचना प्रबन्ध निदेशक] यूपीडेस्को द्वारा शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराया जायेगा।

(16) प्रबन्ध निदेशक] यूपीडेस्को यह सुनिश्चित कर लेंगे कि इस आहरण / भुगतान में किसी प्रकार से आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 75,74,019.00 (रुपये पचहत्तर लाख चौहत्तर हजार उन्नीस मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष-2023-2024 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-007 लेखा शीर्षक-2852808001700 स्टेट डाटा सेन्टर मानक मद 42 अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/ दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च] 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

रवि रंजन

विशेष सचिव

पृष्ठांकन संख्या- 16 /2024/466(1)/005- 78-02004(004)/12/2019 एवं दिनांक यथोक्त:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0 लखनऊ / प्रयागराज ।
3. निदेशक, कोषागार, जवाहर भवन लखनऊ ।
4. निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट, लखनऊ, उ0प्र0 ।
6. संयुक्त निदेशक, उद्योग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ ।
7. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0,लखनऊ ।
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6
9. नियोजन अनुभाग-4, योजना भवन लखनऊ ।
10. औद्योगिक विकास अनु0-2/ सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम अनु0-3
11. अनु सचिव/ नोडल अधिकारी ऑनलाइन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम, आईटी एवं इले0 वि0 उ0प्र0 शासन।
12. आईटी एवं इले0 अनुभाग-1 उ0प्र0 शासन ।
13. गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

रवि रंजन

विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in